www.pdfadda.com


# 23 न्याय या मध्याश्रित अनुमान (SYLLOGISM)

## Venn diagram का तरीका

**STEP I:** सभी कथनों का Venn Diagram बनाएं।

नोट: कथनों को सरलतम् रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।





उदाहरण के लिए- कुछ X, Y है, को Venn Diagram की सहायता से निम्न प्रकार से प्रदर्शित किया जा सकता है।



कथनों के प्रकार-

1. सभी पुस्तक कलम है – **A.** प्रकार का कथन (अर्थात् कथन सकारात्मक है)
2. कोई पुस्तक कलम नहीं है – **E.** प्रकार का कथन (अर्थात् कथन नकारात्मक है)
3. कुछ पुस्तकें कलम है – **I.** प्रकार का कथन (अर्थात् कथन सकारात्मक है)
4. कुछ पुस्तक कलम नहीं है – **O.** प्रकार का कथन (अर्थात् कथन नकारात्मक है)

नीचे दी गई तालिका में कथनों के प्रकार दर्शाए गए है-

| कथन का प्रकार | दर्शाने का तरीका |
|---|---|
| A (सभी X, Y है) |  |
| E (कोई X, Y नहीं है) |  |
| I (कुछ X, Y है) |  |
| O (कुछ X, Y नहीं है) |  |


**STEP II:** अब कथनों को अधिक से अधिक तरीकों से दर्शाने की कोशिश करें (Venn Diagram की सहायता से)।

नोट: अधिक से अधिक तरीकों का अर्थ है कि हम Venn Diagram को भिन्न-भिन्न प्रकार के तरीकों से प्रदर्शित करें तथा इन सब को मिलाकर एक उपयुक्त निष्कर्ष निकालें।

उदाहरण के लिए-


कथन (1) सभी X, Y है।
(2) कुछ Y, Z है।


इन कथनों को हम निम्न प्रकार से प्रदर्शित कर सकते है

1.  या 2. 

बनाए गए Venn Diagram को हम एक से अधिक तरीकों से प्रदर्शित कर सकते है।

आकृतियाँ (क) 

या (ख) 

या (ग) 

अत: Step II में हम सभी सुलभ संयोग दर्शा सकते हैं।

**Step III:** अंततः सभी Venn Diagram को हम एक में समाहित करेंगे।

जब कोई निष्कर्ष सभी कथनों के अनुसार होगा तो वह कथन सही होगा। ऊपर दिए गए उदाहरण में "कुछ X, Z है" इस कथन का आकृति संख्या (ख) समर्थन करती है, जबकि आकृति संख्या (क) समर्थन नहीं करती है। अर्थात् यह कथन सही नहीं है, क्योंकि सभी आकृतियाँ इसका समर्थन नहीं करती है।

न्यूनतम अधिग्रहण तकनीक आपके काम को और आसान कर सकता है।

आप ऊपर दी गई तीन संभव चित्रों (क, ख एवं ग) में से एक ऐसा चित्र चयन करें जिसमें अधिग्रहण न्यूनतम हो।

चित्रों को गौरपूर्वक देखने के बाद आप पाते हैं कि न्यूनतम अधिग्रहण चित्र (क) में है।

चित्र (क) के अनुसार X का पूरा हिस्सा Y में समाहित है Y का कुछ हिस्सा Z में समाहित है। परन्तु X एवं Z के बीच के संबंधों के विषय में हमारे पास कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।



निष्कर्षों पर विचार के लिए चित्र (क) पर्याप्त होगा।

**उदाहरण 1. कथन:** सभी बिल्लियाँ चमगादड़ हैं।
सभी चमगादड़ मेज हैं।

**निष्कर्ष:** (I) कुछ मेज चमगादड़ हैं।
(II) कुछ मेज बिल्लियाँ हैं।

**हल:**

**Step I:** तालिका के अनुसार हम कथनों को इस प्रकार दर्शा सकते है।

(1)  (2) 

**माना B = चमगादड़, C = बिल्लियाँ, T = मेज**

**Step II:** अब बनाई गई दोंनों आकृतियों को हम एक आकृति में दर्शा सकते है।





**Step II:** निष्कर्ष निकालने पर हम देख सकते हैं कि कुछ मेज चमगादड़ हैं तथा कुछ मेज बिल्लियाँ हैं अर्थात् दोनों निष्कर्ष सही हैं।

**उदाहरण 2. कथन:** कुछ मेज घड़ी हैं।
कुछ घड़ियाँ दीपक हैं।

**निष्कर्ष:** (I) कुछ मेज दीपक हैं।
(II) कुछ मेज दीपक नहीं हैं।


हल:


Step I:


(1)  और (2) 


माना **T = मेज, W = घड़ी, L = दीपक**

**Step II:** आकृति (क) तथा (ख) को मिलाने पर प्राप्त कुल संभव आकृतियाँ इस प्रकार है-

(क) 

या (ख) 

या (ग) 

या (घ) 

ऊपर दिए गए चार चित्रों में से न्यूनतम अधिग्रहण चित्र (क) में है।

चित्र (क) के अनुसार मेज का कुछ हिस्सा घड़ी है। घड़ी का कुछ हिस्सा दीपक है। परन्तु मेज एवं दीपक के संबंधों के विषय में हमारे पास कोई जानकारी नहीं है।

अब आप दिए गए निष्कर्षों को देखें।

चूकि मेज व दीपक के बीच के संबंधों के विषय में कथनों में कोई जानकारी नहीं हैं अत: दोनों निष्कर्ष सही है या गलत, यह तय नहीं कर सकते ।



ध्यान देने योग्य बात यह है कि दिए गए दोनों निष्कर्ष इकट्ठा गलत नहीं हो सकता। अत: दिए गए दो निष्कर्षों में से कोई एक निश्चित तौर पर सत्य है।

**नोट:** आगे दिए गए उदाहरणों में न्यूनतम अधिग्रहण तकनीक पर आधारित चित्र के माध्यम से ही प्रश्नों का जबाव तैयार करें।

**उदाहरण 3. कथन:** कोई मेज घड़ी नहीं हैं।
कुछ घड़ी दीपक हैं।
**निष्कर्ष:** (I) कुछ दीपक मेज नहीं हैं।
(II) कुछ दीपक मेज हैं।


**हल:**


**Step I:** हम कथनों को आकृति के रूप में प्रदर्शित करेंगे।


(क)  और (ख) 

माना **T = मेज, W = घड़ी, L = दीपक**

**Step II:** अब आकृतियों को विभिन्न प्रकार से दर्शाएँ।

(1) 

या (2) 


या (3) 

**Step III:** कुछ दीपक मेज नहीं है, का समर्थन सभी आकृतियाँ करती है अत: निष्कर्ष (1) सही है।

**उदाहरण 4. कथन:** सभी नदियाँ पहाड़ हैं।
कुछ नदियाँ मरूस्थल हैं।
**निष्कर्ष:** (I) कुछ पहाड़ मरूस्थल हैं।
(II) कुछ मरूस्थल पहाड़ नहीं हैं।

**हल:** माना **R = नदी, M = पहाड़, D = मरूस्थल**

**Step I:**



**Step II:**




**Step III:** जब सब नदियाँ पहाड़ है तथा कुछ नदियाँ मरूस्थल है, अत: कुछ पहाड़ मरूस्थल हैं। अत: निष्कर्ष (1) सही है।

**उदाहरण 5. कथन:** सभी आदमी घोड़े हैं।
सभी घोड़े हाथी हैं।
**निष्कर्ष:** (I) सभी आदमी हाथी हैं।
(II) सभी हाथी आदमी हैं।

**हल:** माना **E = हाथी, H = घोड़ा, M = आदमी**

**Step I-II:**




**Step III:** जब सब आदमी घोड़े हैं तथा सभी घोड़े हाथी हैं। तो सभी आदमी हाथी हो सकते है लेकिन जरूरी नहीं है कि सभी हाथी आदमी हों। अत: निष्कर्ष (1) सही है।

**उदाहरण 6. कथन:** सभी प्रतिभाशाली व्यक्ति विश्वासपात्र हैं।
कुछ विश्वासपात्र संगीतकार हैं।
**निष्कर्ष:** (I) सभी प्रतिभाशाली व्यक्ति संगीतकार हैं।
(II) कुछ संगीतकार प्रतिभाशाली व्यक्ति नहीं हैं।

**हल:** माना **P = प्रतिभाशाली व्यक्ति,**
**T = विश्वासपात्र, M = संगीतकार**

**Step I & II:**




**Step III:** Venn Diagram के अध्ययन से निष्कर्ष निकलता है कि निष्कर्ष (1) तथा (2) दोनों अनुसरण नहीं करते हैं।


उदाहरण 7. कथन: कुछ अभियन्ता अध्यापक हैं।
कुछ अभियन्ता सक्षम हैं।
निष्कर्ष: (I) कुछ अध्यापक सक्षम हैं।
(II) सभी सक्षम अभियन्ता हैं।

हल: माना **E** = सक्षम, **G** = अभियन्ता, **T** = अध्यापक

**Step I:**




**Step II:**





**Step III:** जब कुछ अभियन्ता अध्यापक हैं, तब कुछ अध्यापक अभियन्ता हैं। जब कुछ अभियन्ता सक्षम है, तब कुछ सक्षम अभियन्ता है। अतः दोनों निष्कर्ष अनुसरण नहीं करते हैं।


**उदाहरण 8.** कथन: कुछ भोजन मीठा है।
कुछ भोजन खट्टा है।
निष्कर्ष: (I) सारा भोजन या तो मीठा है या खट्टा है।
(II) कुछ मीठा खट्टा है।

हल: माना **S** = खट्टा, **F** = भोजन, **T** = मीठा

**Step I:**




**Step II:**





**Step III:** जब सारा भोजन मीठा है तथा कुछ भोजन खट्टा है, तब जरूरी नहीं है कि सारा भोजन खट्टा या मीठा हो। अतः कोई भी निष्कर्ष सही नहीं है।

**उदाहरण 9.** कथन: सभी प्याले बकरियाँ हैं।
सभी बकरियाँ कनस्तर हैं।
निष्कर्ष. (I) सभी बकरियाँ प्याले हैं।
(II) सभी कनस्तर बकरियाँ हैं।
(III) कोई प्याला कनस्तर नहीं है।
(IV) कोई कनस्तर प्याला नहीं है।

(1) केवल निष्कर्ष III, तथा IV सही हैं।
(2) केवल निष्कर्ष I तथा II सही हैं।
(3) केवल निष्कर्ष I, II तथा III सही हैं।
(4) सभी निष्कर्ष सही हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं।

हल: माना **C** = प्याला, **G** = बकरी, **T** = कनस्तर

**Step I - II:**




**Step III:** जब सभी प्याले बकरियाँ है, तब कुछ बकरियाँ प्याले है। जब सारी बकरियाँ कनस्तर है, तब कुछ कनस्तर बकरियाँ है। जब सभी प्याले बकरी है तथा सभी बकरियाँ कनस्तर है, तब सभी प्याले कनस्तर तथा कुछ कनस्तर प्याले होंगे। अतः सभी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करते हैं।


उत्तर (5)

**उदाहरण 10.** कथन: सभी पक्षी मोर हैं।
सभी मोर किसान हैं।
निष्कर्ष: (I) कुछ किसान पक्षी हैं।
(II) कुछ मोर पक्षी हैं।

(1) केवल निष्कर्ष I तथा II सही हैं।
(2) केवल निष्कर्ष II तथा III सही हैं।
(3) आंकड़े अपर्याप्त हैं।
(4) सभी निष्कर्ष सही हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं।

हल: माना **B** = पक्षी, **P**= मोर, **F** = किसान

**Step I - II:**




**Step III:** जब सभी पक्षी मोर हैं, सभी मोर किसान हैं, तब सभी पक्षी किसान होंगे। जब सभी पक्षी मोर है, तब कुछ मोर पक्षी होंगे तथा जब सभी पक्षी किसान होंगे, तब कुछ किसान पक्षी जरूर होंगे। अतः सभी निष्कर्ष सही हैं।


उत्तर (4)

**उदाहरण 11.** कथन: कोई कुर्सी पेड़ नहीं है।
सभी पेड़ रेलगाड़ी हैं।
निष्कर्ष: (I) कोई कुर्सी रेलगाड़ी नहीं है।
(II) कोई रेलगाड़ी कुर्सी नहीं है।
(III) कुछ रेलगाड़ी पेड़ है।
(IV) कोई रेलगाड़ी पेड़ नहीं है।


(1) केवल निष्कर्ष IV सही है।
(2) केवल निष्कर्ष III तथा IV सही हैं।
(3) केवल निष्कर्ष I तथा II सही हैं।
(4) केवल निष्कर्ष II तथा III सही हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं।

हल: माना **C** = कुर्सी, **T** = पेड़, **R** = रेलगाड़ी

**Step I:**




**Step II:**



**Step III:** जब सभी पेड़ रेलगाड़ी हैं तब कुछ रेलगाड़ी पेड़ जरूर होंगी। दिए गए दो कथनों से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि कुछ ट्रेन कुर्सी नहीं हैं। अत: कोई कुर्सी रेलगाड़ी नहीं है या इसका विपरीत अनुसरण नहीं करता। अत: केवल निष्कर्ष III सही है।

उत्तर (5)


**उदाहरण 13. कथन:** कुछ थैले जेब हैं।
कोई जेब पाउच नही है।

**निष्कर्ष:** (I) कोई थैला पाउच नहीं है।
(II) कुछ थैले पाउच नहीं हैं।
(III) कुछ जेब थैले हैं।
(IV) कोई जेब थैला नहीं है।


(1) केवल निष्कर्ष I या IV सही है।
(2) केवल निष्कर्ष II तथा III सही हैं।
(3) केवल निष्कर्ष I तथा III सही हैं।
(4) सभी निष्कर्ष सही हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं।

**हल:** माना B = थैला, P = जेब, C = पाउच

**Step I:**




**Step II:**




**Step III:** कुछ थैले जेब हैं, तो कुछ जेब थैले जरूर होंगे। साथ ही 'जब कुछ थैले जेब हैं' और 'कोई जेब पाउच नहीं है' तब हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि कुछ थैले (जो जेब हैं) पाउच नहीं हैं। अत: केवल निष्कर्ष II तथा III सही है।

उत्तर (2)

**उदाहरण 13. कथन:** सब मिट्टी हीरा है।
कोई सोना हीरा नहीं है।
कुछ सोना चादर है।

**निष्कर्ष:** (I) कोई मिट्टी हीरा नहीं है।
(II) कुछ चादर हीरा नहीं है।
(III) कुछ मिट्टी सोना है।
(IV) कुछ चादर मिट्टी है।


(1) केवल निष्कर्ष I तथा II सही हैं।
(2) केवल निष्कर्ष II सही है।
(3) केवल निष्कर्ष I तथा III सही हैं।
(4) केवल निष्कर्ष I, III तथा IV सही हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं।

**हल:** माना S = मिट्टी, D = हीरा, G = सोना, F = चादर

**Step I-II:**




या




उत्तर (2)

**Step III:** केवल निष्कर्ष (II) सही है।


**उदाहरण 14. कथन:** कुछ घंटियाँ फूल हैं।
कुछ ताश घंटी हैं।
कोई ताश कागज नहीं है।

**निष्कर्ष:** (I) कुछ घंटियाँ कागज हैं।
(II) कुछ कागज घंटियाँ नहीं हैं।
(III) कुछ फूल ताश हैं।
(IV) कुछ घंटियाँ कागज नहीं हैं।

(1) केवल निष्कर्ष III तथा IV सही हैं।
(2) केवल निष्कर्ष I तथा II सही है।
(3) केवल निष्कर्ष II सही है।
(4) केवल निष्कर्ष IV सही है।
(5) या तो I या IV तथा II सही हैं।

**हल:** माना C = ताश, B = घंटी, F = फूल, P = कागज

**Step I-II:**




या




**Step III:** केवल निष्कर्ष (IV) सही है।

उत्तर (4)


**उदाहरण 15. कथन:** कुछ डायरी जेब हैं।
सभी जेब डिजीटल हैं।
कुछ डिजीटल बटुए हैं।

**निष्कर्ष:** (I) कुछ जेब डिजीटल हैं।
(II) कुछ डायरी डिजीटल हैं।
(III) कुछ डायरी बटुए हैं।
(IV) कुछ डायरी बटुए नहीं हैं।


(1) केवल निष्कर्ष I, II तथा III सही हैं।
(2) केवल निष्कर्ष I, II तथा IV सही हैं।
(3) केवल निष्कर्ष II और III सही हैं।
(4) केवल निष्कर्ष II तथा III या IV सही हैं।
(5) केवल निष्कर्ष I, II तथा III या IV सही हैं।

**हल:** माना D = डायरी, P = जेब, R = बटुआ, I = डिजीटल

**Step I:**




**Step II:**




**Step III:** यहाँ निष्कर्ष (III) तथा (IV) आपस में Complementary Pair बनते है तथा निष्कर्ष (I) तथा (II) सही है।

उत्तर (5)


**उदाहरण 16. कथन:** कुछ तकिए बिस्तर हैं।
कुछ नेता तकिए हैं।
सभी मंत्री बिस्तर है।

**निष्कर्ष:** (I) कुछ तकिए बिस्तर नहीं हैं।
(II) कोई तकिए मंत्री नहीं है।
(III) कुछ नेता तकिए नहीं हैं।
(IV) कुछ मंत्री तकिए हैं।


(1) या I या IV सही है।
(2) या I या IV सही है।
(3) या I या IV तथा II सही है।
(4) केवल निष्कर्ष III सही है।
(5) इनमें से कोई नहीं।

हल: माना L = नेता, P = तकिया, B = बिस्तर, M = मंत्री


Step I-II:




या




या




Step III: (II) या (IV) सही है।

उत्तर (2)


उदाहरण 17. कथन: कोई पानी काला नहीं है।
सभी समान हरा है।
सभी काला समान है।

निष्कर्ष: (I) कुछ हरा पानी नहीं है।
(II) कुछ हरा काला है।
(III) कुछ काला पानी है।
(IV) कुछ काला हरा है।


(1) केवल निष्कर्ष II तथा IV सही हैं।
(2) केवल निष्कर्ष I, II तथा IV सही हैं।
(3) या I या III सही है।
(4) केवल निष्कर्ष II, III तथा IV सही हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं।

हल: माना B = काला, O = समान, G = हरा, W = पानी

Step I-II:




या




Step III: केवल निष्कर्ष I, II तथा IV सही है। उत्तर (2)

**Rule of Complementary Pair:**

यदि कथनों के कोई भी दो निष्कर्ष **Doubtful** हों तथा इन दोनों निष्कर्षों में से एक निष्कर्ष सकारात्मक तथा दूसरा निष्कर्ष नकारात्मक हो और दोनों निष्कर्षों के **Terms (subject and predicate)** समान हो तो दोनों निष्कर्ष किसी भी परिस्थिति में इकट्ठा **(Simultaneously)** गलत नहीं हो सकते हैं तथा दोनों निष्कर्ष आपस में **Either** का **Case** (या तो......या) बनाता है। नीचे दिये गये कुछ उदाहरणों में इसकी चर्चा की गयी है:

उदाहरण 18. कथन: सभी किताबें पेपर हैं।
कुछ पेपर पेन्सिल हैं।

निष्कर्ष: (I) सभी किताबें पेन्सिल हैं। [-]
(II) कुछ किताबें पेन्सिल नहीं हैं। [-]

यहाँ दोनों निष्कर्ष Doubtful है तथा निष्कर्ष (I) सकारात्मक तथा निष्कर्ष (II) नकारात्मक है और दोनों निष्कर्षों का Terms 'किताब' तथा 'पेन्सिल' समान है। अत: निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) आपस में Either का Case बनायेंगे।

उदाहरण 19. कथन: कुछ छड़ें पेड़ हैं।
कुछ पेड़ फूल हैं।

निष्कर्ष: (I) कुछ छड़ फूल हैं। [-]
(II) कुछ फूल पेड़ हैं। [√]
(III) कुछ छड़ फूल नहीं हैं। [-]
(IV) कुछ पेड़ छड़ हैं। [√]

यहाँ निष्कर्ष (I) तथा निष्कर्ष (III) दोनों Doubtful हैं तथा निष्कर्ष (I) सकारात्मक तथा निष्कर्ष (III) नकारात्मक है और दोनों निष्कर्षों का Terms 'छड़' तथा 'फूल' समान है। अत: निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (III) आपस में Either का Case बनायेंगे। अत: इसका उत्तर होगा:- केवल या तो (I) या (III) तथा (II) एवं (IV) अनुसरण करता है।

उदाहरण 20. कथन: (1) कुछ खिलौने पेन हैं।
(2) कुछ पेन पेपर हैं।
(3) कुछ पेपर काले हैं।

निष्कर्ष: (I) सभी खिलौने काले हैं। [-]
(II) कुछ पेन काले नहीं हैं। [-]
(III) कोई खिलौना काला नहीं है। [-]
(IV) कुछ पेन काले हैं। [-]

(1) कोई अनुसरण नहीं करता है
(2) केवल या तो II या IV अनुसरण करता है
(3) केवल या तो I या III और या II या IV अनुसरण करता है
(4) केवल या तो I या III अनुसरण करता है
(5) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (3)

यहाँ चारों निष्कर्ष Doubtful हैं। निष्कर्ष (I) सकारात्मक तथा निष्कर्ष (III) नकारात्मक है और दोनों निष्कर्षों का Terms 'खिलौना' तथा 'काला' समान है। अत: निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (III) आपस में Either का Case बनायेंगे। इसके साथ ही निष्कर्ष (II) नकारात्मक तथा निष्कर्ष (IV) सकारात्मक है और दोनों निष्कर्षों का Terms 'पेन तथा काला' समान है। अत: निष्कर्ष (II) और निष्कर्ष (IV) आपस में Either का Case बनायेंगे।

उदाहरण 21. कथन: कुछ भिखारी नेता हैं।
कोई टोपी चाबी नहीं है।
कुछ टोपी भिखारी हैं।


निष्कर्ष: (I) कुछ टोपी नेता हैं।
(II) कुछ भिखारी चाबी हैं।
(III) कुछ टोपी नेता नहीं हैं।
(IV) कुछ भिखारी चाबी नहीं हैं।

(1) या I या III तथा II सही हैं।
(2) या II या IV तथा I सही हैं।
(3) या I या IV तथा III सही हैं।
(4) या II या IV तथा या I या III सही हैं।
(5) या I या III तथा IV सही हैं।

Paramount Coaching Centre

हल: [illegible], K = चाबी


Step :



या



या



यहाँ निष्कर्ष I, II और III Doubtful है तथा निष्कर्ष IV सही है। निष्कर्ष I सकारात्मक तथा निष्कर्ष III नकारात्मक है और दोनों निष्कर्षों का Terms 'टोपी' और 'भिखारी' समान है। इसलिए निष्कर्ष I तथा III आपस में Either का Case बनायेगें । अत: उत्तर होगा - या I या III तथा IV सही है।

उत्तर (5)


**उदाहरण 22.** **कथन:** कुछ पैड चिन्ह नहीं हैं।
सभी चिन्ह अक्षर हैं।
कुछ अक्षर बक्से हैं।

**निष्कर्ष:** (I) कुछ बक्से पैड हैं।
(II) कुछ पैड बक्से नहीं हैं।
(III) कुछ पैड अक्षर नहीं हैं।
(IV) सभी चिन्ह बक्से हैं।

(1) केवल निष्कर्ष I सही है।
(2) या I या II सही है।
(3) केवल निष्कर्ष IV सही है।
(4) केवल निष्कर्ष III सही है।
(5) या I या III सही है।

हल: माना **S = चिन्ह, L = अक्षर, B = बक्सा, P = पैड**

**Step :**



या



यहाँ निष्कर्ष I और II दोनों Doubtful है तथा निष्कर्ष I सकारात्मक तथा निष्कर्ष II नकारात्मक है और दोनों निष्कर्षों का Terms 'बक्सा' और 'पैड' समान है। इसलिए निष्कर्ष I तथा II आपस में Either का Case बनायेगें । अत: उत्तर होगा - या I या II सही है।

उत्तर : (2)

## अभ्यास

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो/तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही ये सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न दिखते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि दिया गया कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है, भले ही सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।

उत्तर दीजिए:

(1) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(2) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(3) यदि या तो निष्कर्ष I या II अनुसरण करता है।
(4) यदि न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है।
(5) यदि दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

1. **कथन:** कुछ पतंगे धागे हैं।
कोई धागा सुई नहीं है।
**निष्कर्ष:** I. कुछ पतंगे सुइयाँ हैं।
II. कोई सुई धागा नहीं है।

2. **कथन:** कुछ पुस्तकें पेन हैं।
सभी पेन कागज हैं।
**निष्कर्ष:** I. कुछ कागज पुस्तकें हैं।
II. सभी पुस्तकें कागज हैं।

3. **कथन:** सभी कुर्सियां बिल्डिंग हैं।
सभी टेबल बिल्डिंग हैं।
**निष्कर्ष:** I. कुछ कुर्सियां टेबुल हैं।
II. सभी टेबल कुर्सियाँ हैं।

4. **कथन:** कुछ ट्रक घर हैं।
कुछ घर ट्रेन हैं।
**निष्कर्ष:** I. कुछ ट्रेन ट्रक हैं।
II. कोई ट्रेन ट्रक नहीं है।

5. **कथन:** सभी फूल पेड़ हैं।
सभी पेड़ फल हैं।
**निष्कर्ष:** I. कुछ फल फूल हैं।
II. सभी फूल फल हैं।

6. **कथन:** सभी पेन सड़कें हैं।
सभी सड़कें घर हैं।
**निष्कर्ष:** I. सभी घर पेन हैं।
II. कुछ घर पेन हैं।

7. **कथन:** कुछ पुस्तकें बैग हैं।
सभी बैग पेड़ हैं।
**निष्कर्ष:** I. कुछ पुस्तकें पेड़ हैं।
II. कुछ पेड़ पुस्तकें हैं।

8. **कथन:** कुछ खिड़कियाँ दरवाजे हैं।
कोई दरवाजा कुर्सी नहीं है।
**निष्कर्ष:** I. कुछ खिड़कियाँ कुर्सियाँ हैं।
II. सभी दरवाजे खिड़कियाँ हैं।

9. **कथन:** सभी जंगल बाघ हैं।
कुछ बाघ घोड़े हैं।
**निष्कर्ष:** I. कुछ घोड़े जंगल हैं।
II. कोई घोड़ा जंगल नहीं है।

10. **कथन:** कुछ बसें ट्रेनें हैं।
कुछ ट्रेनें नावें हैं।

www.pdfadda.com

निष्कर्ष: I. कुछ ट्रेन बस हैं।
II. कुछ नावें बसें हैं।

11. कथन: कुछ बोतलें जंगल हैं।
सभी जंगल पक्षी हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ पक्षी बोतलें हैं।
II. सभी बोतलें पक्षी हैं।

12. कथन: कुछ बोतलें टेबल हैं।
कुछ टेबल दर्पण हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ दर्पण किताबें हैं।
II. कोई किताब दर्पण नहीं है।

13. कथन: सभी सड़क पानी है।
कुछ पानी नावें हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ नावें सड़क हैं।
II. सभी पानी नावें हैं।

14. कथन: सभी फूल पेड़ हैं।
कोई फल पेड़ नहीं है।
निष्कर्ष: I. कोई फल फूल नहीं है।
II. कुछ पेड़ फूल है।

15. कथन: सभी पेन चॉक हैं।
सभी कुर्सियाँ चॉक हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ पेन कुर्सियाँ हैं।
II. कुछ चॉक पेन हैं।

16. कथन: कुछ बसें घंटियाँ हैं।
कुछ घंटियाँ घोड़े हैं।
सभी ट्रेनें घोड़े हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ बसें घोड़े हैं।
II. कुछ ट्रेनें घंटियाँ हैं।

17. कथन: सभी बकरियाँ पतंगें हैं।
सभी गुलाब बकरियाँ हैं।
सभी पतंगे मधु-मक्खियाँ हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ पतंगें गुलाब हैं।
II कुछ बकरियाँ मधु-मक्खियाँ हैं।

18. कथन: सभी वर्ग सिंह हैं।
कुछ पक्षी वर्ग हैं।
सभी पेन सिंह हैं।
निष्कर्ष: I. कोई पेन पक्षी नहीं है।
II. कुछ पक्षी पेन हैं।

19. कथन: कुछ मोमबत्तियाँ कागज हैं।
सभी कागज पेड़ हैं।
कुछ किताबें कागज हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ किताबें मोमबत्तियाँ हैं।
II. कुछ पेड़ किताबें हैं।

20. कथन: सभी चमगादड़ हाथी हैं।
कुछ गुब्बारे कौए हैं।
सभी कौए चमगादड़ हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ गुब्बारे हाथी हैं।
II. कुछ हाथी कौए हैं।

**निर्देश : नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। आपको दिए गए तीनों कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए फिर तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हो।**

21. कथन: सभी पंखुड़ियाँ पेड़ हैं।
सभी पेड़ बगीचे हैं।
सभी सड़कें बगीचे हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ सड़कें पेड़ हैं।
II. कुछ बगीचे पेड़ हैं।
III. कुछ बगीचे पंखुड़ियां हैं।
1) केवल I और II अनुसरण करते हैं
2) केवल II और III अनुसरण करते हैं
3) केवल I और III अनुसरण करते हैं
4) I, II और III सभी अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

22. कथन: सभी चाबियाँ ताले हैं।
कोई ताला खिलौना नहीं है।
सभी बैग खिलौने हैं।
निष्कर्ष: I. कोई बैग चाबी नहीं है।
II. कुछ बैग चाबियाँ हैं।
III. कुछ खिलौने चाबियाँ हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) केवल I अनुसरण करता है
3) केवल II अनुसरण करता है
4) केवल III अनुसरण करता है
5) केवल I और II अनुसरण करते हैं

23. कथन: कुछ दिन रातें हैं।
कुछ रातें महीने हैं।
कुछ महीने वर्ष हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ वर्ष रातें हैं।
II. कुछ महीने दिन हैं।
III. कोई वर्ष रात नहीं है।
1) केवल I अनुसरण करता है
2) केवल II अनुसरण करता है
3) केवल III अनुसरण करता है
4) केवल या तो I या III अनुसरण करता है
5) इनमें से कोई नहीं

24. कथन: सभी साइकिलें टायर हैं।
कुछ टायर पहिए हैं।
सभी पहिए बसें हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ बसें टायर हैं।
II. कुछ पहिए टायर हैं।
III. कुछ बसें साइकिलें हैं।
1) केवल I और II अनुसरण करते हैं
2) केवल I और III अनुसरण करते हैं
3) केवल II और III अनुसरण करते हैं
4) I, II और III सभी अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

25. कथन: कुछ कुत्ते बिल्लियाँ हैं।
कुछ बिल्लियाँ घोड़े हैं।
सभी घोड़े बाघ हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ बाघ बिल्लियाँ हैं।
II. कुछ घोड़े कुत्ते हैं।
III. कुछ बाघ कुत्ते हैं।

Paramount Coaching Centre

1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) केवल I अनुसरण करता है
3) केवल II अनुसरण करता है
4) केवल III अनुसरण करता है
5) केवल II और III अनुसरण करते हैं

26. कथन: सभी रस्सियाँ छड़ी हैं।
कुछ छड़ी हथौड़े हैं।
कुछ हथौड़े तालाब हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ तालाब रस्सियाँ हैं।
II. कुछ हथौड़े रस्सियाँ हैं।
III. कुछ तालाब छड़ी हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) केवल I अनुसरण करता है
3) केवल II अनुसरण करता है
4) केवल III अनुसरण करता है
5) केवल I और III अनुसरण करते हैं

27. कथन: कुछ पत्ते टोकरियाँ हैं।
कुछ टोकरियाँ फूल हैं।
कुछ फूल झीलें हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ झीलें टोकरियाँ हैं।
II. कुछ फूल झीलें हैं।
III. कोई झील टोकरी नहीं है।
1) केवल I अनुसरण करता है
2) केवल II अनुसरण करता है
3) केवल III अनुसरण करता है
4) केवल या तो I या III अनुसरण करता है
5) इनमें से कोई नहीं

28. कथन: सभी तस्वीरें बैंड हैं।
कुछ बैंड कुर्सियाँ हैं।
कुछ कुर्सियाँ मेज हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ मेज बैंड हैं।
II. कुछ कुर्सियाँ तस्वीरें हैं।
III. कुछ मेज तस्वीरें हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) केवल I अनुसरण करता है
3) केवल II अनुसरण करता है
4) केवल I व II अनुसरण करते हैं
5) केवल III अनुसरण करता है

29. कथन: कुछ बाइक्स कारें हैं।
कुछ कारें ट्रेनें हैं।
कुछ ट्रेनें बसें हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ बसें कारें हैं।
II. कुछ ट्रेनें बाइक्स हैं।
III. कुछ बसें बाइक्स हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) केवल I अनुसरण करता है
3) केवल II अनुसरण करता है
4) केवल III अनुसरण करता है
5) केवल I और II अनुसरण करते हैं

30. कथन: सभी कुत्ते बिल्लियाँ हैं।
कुछ बिल्लियाँ चूहे हैं।
सभी चूहे मैट है।
निष्कर्ष: I. कुछ मैट बिल्लियाँ हैं।
II. कुछ मैट कुत्ते हैं।
III. कुछ चूहे बिल्लियाँ हैं।
1) केवल I अनुसरण करता है
2) केवल II अनुसरण करता है
3) केवल III अनुसरण करता है
4) केवल I और III अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

31. कथन: सभी कप बैंच है।
कुछ बैंच ड्रम हैं।
सभी ड्रम पतंगें हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ पतंगें कप हैं।
II. कुछ पतंगें बैंच हैं।
III. कुछ ड्रम कप हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) केवल I अनुसरण करता है
3) केवल II अनुसरण करता है
4) केवल III अनुसरण करते हैं
5) केवल II और III अनुसरण करते हैं

32. कथन: कुछ बॉक्स दीवारें हैं।
कोई दीवार सड़क नहीं है।
सभी सड़कें नदियाँ हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ नदियाँ दीवारें हैं।
II. कुछ सड़क बॉक्स हैं।
III. कोई दीवार नदी नहीं है।
1) केवल I अनुसरण करता है
2) केवल या तो I या III अनुसरण करता है
3) केवल III अनुसरण करता है
4) केवल II अनुसरण करता है
5) केवल II और III अनुसरण करते हैं

33. कथन: कुछ टेबल कुर्सियाँ हैं।
सभी कुर्सियाँ मकान हैं।
सभी मकान तंबू हैं।
निष्कर्ष: I. सभी मकान कुर्सियाँ हैं
II. कुछ तंबू कुर्सियाँ हैं।
III. कुछ मकान टेबुल हैं
1) केवल I और II अनुसरण करते हैं
2) केवल I और III अनुसरण करते हैं
3) केवल II तथा III अनुसरण करते हैं
4) I, II और III सभी अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

34. कथन: सभी पेन छड़ी हैं।
सभी छड़ी रिंग हैं।
सभी रिंग रॉड हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ रिंग पेन हैं।
II. कुछ रॉड छड़ी हैं
III. कुछ रॉड पेन हैं।
1) केवल I और II अनुसरण करते हैं
2) केवल I और III अनुसरण करते हैं
3) केवल II और III अनुसरण करते हैं
4) I, II और III सभी अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश : नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। आपको दिए गए तीनों कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए फिर तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।**

www.pdfadda.com

35. कथन: सभी फूल कमरे है।
कुछ कमरे खिड़कियाँ हैं।
सभी कार्ड खिड़कियाँ है।
निष्कर्ष: **I.** कुछ कार्ड फूल हैं।
**II.** कुछ कार्ड कमरे हैं।
**III.** कुछ खिड़कियाँ फूल हैं।
**IV.** सभी कार्ड कमरे हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) केवल II अनुसरण करता है
3) केवल I अनुसरण करता है
4) केवल III अनुसरण करता है
5) केवल IV अनसरण करता है

36 कथन: सभी पुरुष भेड़िये हैं।
सभी उल्लू पुरुष हैं।
सभी तोते उल्लू हैं।
निष्कर्ष: **I.** सभी भेड़िये उल्लू हैं।
**II.** सभी उल्लू भेड़िये हैं।
**III.** सभी तोते भेड़िये हैं।
**IV.** सभी तोते पुरुष हैं।
1) सभी अनुसरण करते हैं
2) केवल III और IV अनुसरण करते हैं
3) केवल II और III अनुसरण करते हैं।
4) केवल II, III और IV अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

37. कथन: कुछ पत्ते आकाश हैं।
सभी आकाश बादल हैं।
कोई बादल नाव नहीं है।
निष्कर्ष: **I.** कुछ नावें पत्ते हैं।
**II.** कुछ बादल पत्ते हैं
**III.** सभी आकाश पत्ते हैं
**IV.** कोई पत्ता नाव नहीं है।
1) केवल I, II और IV अनुसरण करते हैं
2) केवल II, III और IV अनुसरण करते हैं
3) केवल या तो I या IV और II अनुसरण करते हैं
4) केवल या तो I या IV और III अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

38. कथन: कोई बिल्डिंग सफेद नहीं है।
सभी सफेद संतरे हैं।
कुछ संतरे पानी हैं।
निष्कर्ष: **I.** कोई बिल्डिंग पानी नहीं है।
**II.** कोई संतरा बिल्डिंग नहीं है।
**III.** कुछ संतरे सफेद हैं।
**IV.** कुछ पानी बिल्डिंग हैं।
1) केवल या तो I या IV और II अनुसरण करते हैं
2) केवल या तो I या IV और III अनुसरण करते हैं
3) केवल या तो I या IV और अनुसरण करते हैं
4) कोई अनुसरण नहीं करते हैं
5) केवल या तो I या IV और II और III अनुसरण करते हैं।

39. कथन: कुछ आम सेब हैं।
कुछ केले सेब हैं।
कुछ शाखाएँ केले हैं।
निष्कर्ष: **I.** कुछ आम केले हैं।
**II.** कुछ शाखाएँ सेब हैं।
**III.** कुछ शाखाएँ आम हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है।
2) केवल I और II अनुसरण करते हैं
3) केवल III और IV अनुसरण करते हैं
4) केवल I और IV अनुसरण करते हैं
5) सभी अनुसरण करते हैं

निर्देश : नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में चार कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष **I, II,** और **III** दिए गए हैं। आपको दिए गए चारों कथनों को सत्य मानना है भले ही ये सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए फिर तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।

40. कथन: कुछ कीलें प्लेटें हैं।
कुछ प्लेटें डिस्क हैं।
सभी डिस्क दर्पण हैं।
सभी दर्पण टायर हैं।
निष्कर्ष: **I.** कुछ टायर प्लेटें हैं
**II.** कुछ टायर कीलें हैं।
**III.** कुछ दर्पण प्लेटें हैं।
1) केवल I व II अनुसरण करते हैं
2) केवल I व III अनुसरण करते हैं
3) केवल II और III अनुसरण करते हैं
4) I, II व III सभी अनुसरण करते हैं।
5) इनमें से कोई नहीं

41. कथन: कुछ खिड़कियाँ झील हैं।
कुछ झील जंगल हैं।
कुछ जंगल पहाड़ियाँ हैं।
सभी पहाड़ियाँ पर्दे हैं।
निष्कर्ष: **I.** कुछ पहाड़ियाँ खिड़कियाँ हैं।
**II.** कुछ पर्दे झील हैं।
**III.** कुछ जंगल खिड़कियाँ हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) केवल I अनुसरण करता है
3) केवल II अनुसरण करता है
4) केवल III अनुसरण करता है
5) केवल I व III अनुसरण करते हैं

42. कथन: सभी टेप शाखाएँ हैं।
कुछ शाखाएँ सड़कें हैं।
सभी सड़कें फल हैं।
कुछ फल पेड़ हैं।
निष्कर्ष: **I.** कुछ पेड़ टेप हैं।
**II.** कुछ फल टेप हैं।
**III.** कुछ फल शाखाएँ हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) केवल I अनुसरण करता है
3) केवल II अनुसरण करता है
4) केवल III अनुसरण करता है
5) केवल II व III अनुसरण करते हैं

43. कथन: कुछ मोती कुर्सियाँ हैं।
सभी कुर्सियाँ ट्रक हैं।
कुछ ट्रक ईंटें हैं।
सभी ईंटें कारें हैं।

निष्कर्ष: I. कुछ कारें कुर्सियाँ हैं।
II. कुछ कारें ट्रक हैं।
III. कुछ ट्रक मोती हैं।
1) केवल I व II अनुसरण करते हैं
2) केवल I व III अनुसरण करते हैं
3) केवल II व III अनुसरण करते हैं
4) I, II व III सभी अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

44. कथन: कुछ फूल मकान हैं।
सभी मकान बाघ हैं।
सभी बाघ बकरियाँ हैं।
कुछ बकरियाँ बैल हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ बकरियाँ फूल हैं।
II. कुछ बाघ फूल हैं।
III. कुछ बैल बाघ हैं।
1) केवल I व II अनुसरण करते हैं
2) केवल II व III अनुसरण करते हैं
3) केवल I व III अनुसरण करते हैं
4) I, II व III सभी अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

45. कथन: सभी कार जीप हैं।
सभी जीप बस हैं।
सभी बस ट्रक हैं।
कुछ ट्रक कलम हैं।
निष्कर्ष: I. सभी ट्रक बस हैं।
II. सभी बस जीप हैं।
III. सभी जीप कार हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) सभी अनुसरण करते हैं
3) केवल III और I अनसुरण करते हैं
4) केवल IV अनुसरण करता है
5) इनमें से कोई नहीं

46. कथन: कुछ आकाश बारिशें हैं।
कुछ बारिशें तारे हैं।
सभी तारे ग्रह हैं।
सभी ग्रह बादल हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ बादल बारिशें हैं।
II. कुछ ग्रह आकाश हैं।
III. कुछ ग्रह बारिशें हैं।
1) केवल I और II अनुसरण करते हैं
2) केवल I और III अनुसरण करते हैं
3) केवल II और III अनुसरण करता है
4) I, II और III अनुसरण करते हैं।
5) इनमें से कोई नहीं

47. कथन: कुछ पुस्तकें कलम हैं।
कुछ कलम घड़ियाँ हैं।
सभी घड़िया पुस्तकें हैं।
कुछ पुस्तकें खिड़कियाँ हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ पुस्तकें घड़ियाँ हैं।
II. कुछ पुस्तकें कलम नहीं हैं।
III. कुछ घड़ियाँ पुस्तकें नहीं हैं।
1) सभी अनुसरण करता है
2) केवल I और III अनुसरण करते हैं
3) केवल I और II अनुसरण करते हैं
4) केवल II और III अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

48. कथन: सभी चम्मच कटोरे हैं।
सभी कटोरे पैन हैं।
सभी पैन छड़ियाँ हैं।
सभी छड़ियाँ चाकू हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ चाकू पैन हैं।
II. कुछ छड़ियाँ कटोरे हैं।
III. कुछ पैन चम्मच हैं।
1) केवल I और II अनुसरण करते हैं
2) केवल II और III अनुसरण करते हैं
3) केवल I और III अनुसरण करते हैं
4) I, II और III अनुसरण करते हैं
5) इनमें से कोई नहीं

49. कथन: सभी धागे दीवारें हैं।
सभी लैम्प दीवारें हैं।
कुछ पतंग लैम्प हैं।
कुछ लैम्प किरणें हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ पतंग धागे हैं।
II. कुछ पतंग दीवारें हैं।
III. कुछ लैम्प धागे हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है।
2) केवल I अनुसरण करता है
3) केवल II अनुसरण करता है
4) केवल III अनुसरण करता है
5) केवल I और III अनुसरण करते हैं।

50. कथन: कुछ मेज कुर्सियाँ हैं।
कुछ कुर्सियाँ चक्के हैं।
कुछ चक्के बोर्ड हैं।
कुछ बोर्ड चॉक हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ चॉक चक्के हैं।
II. कुछ बोर्ड कुर्सियाँ हैं।
III. कुछ चक्के मेज हैं।
1) कोई अनुसरण नहीं करता है
2) केवल I अनुसरण करता है
3) केवल II अनुसरण करता है
4) केवल III अनुसरण करता है
5) केवल II और III अनुसरण करते हैं।

Paramount Coaching Centre
www.pdfadda.com

**व्याख्यात्मक हल:**

**नोट: चिन्हों से संबंधित अर्थ नीचे दिए गए है-**

✓ = सही (अनुसरण करता है)

x = गलत (अनुसरण नहीं करता है)


\- = सही हो सकता है या नहीं भी (अनुसरण नहीं करता है)

1. 2;





निष्कर्ष : I -
II ✓

2. 1;




निष्कर्ष : I ✓
II -

3. 4;




निष्कर्ष : I -
II -

4. 3;





निष्कर्ष : I - ] या
II -

5. 5;





निष्कर्ष : I ✓
II ✓

6. 2;




निष्कर्ष : I -
II ✓

7. 5;




निष्कर्ष : I ✓
II ✓

8. 4;





निष्कर्ष : I -
II -

9. 3;




निष्कर्ष : I - ] या
II -

10. 1;




निष्कर्ष : I ✓
II -

11. 1;




निष्कर्ष : I ✓
II -

12. 3;





निष्कर्ष : I - ] या
II -

13. 4;




निष्कर्ष : I -
II -

14. 5;




निष्कर्ष : I ✓
II ✓

15. 2;





निष्कर्ष : I -
II ✓

16. 4;




निष्कर्ष : I -
II -

Paramount Coaching Centre
www.pdfadda.com


17. 5;



निष्कर्ष : I ✓
II ✓


18. 3;




निष्कर्ष : I - ⌉ या
II - ⌋

19. 2;



निष्कर्ष : I -
II ✓

20. 5;



निष्कर्ष : I ✓
II ✓


21. 2;



निष्कर्ष : I -
II ✓
III ✓


22. 2;



निष्कर्ष : I ✓
II ×
III ×

23. 4;



निष्कर्ष : I - ⌉
II - या
III - ⌋

24. 4;



निष्कर्ष : I ✓
II ✓
III -

25. 2;




निष्कर्ष : I ✓
II -
III -

26. 1;




निष्कर्ष : I -
II -
III -

27. 5; I या III और II अनुसरण करते हैं।




निष्कर्ष : I - ⌉
II ✓ या
III - ⌋

28. 1;



निष्कर्ष : I -
II -
III -

Paramount Coaching Centre